एक नजर में

आरोन-सिरोंज रोड पर मेटाडोर ने बाइक को मारी टक्कर दो घायल

गुना। जिले के आरोन थाना क्षेत्र में बीती रात तेज रफ्तार मेटाडोर ने बाइक को टक्कर मार दी, जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। फरियादी बाबूलाल बंजारा निवासी किटर्रा सिमरोद ने पुलिस को बताया कि वह अपने मामा के लड? दल्ला बंजारा के साथ मोटरसाइकिल से सतगुरु अस्पताल लटेरी जा रहा था। रात करीब 8 बजे जैसे ही उनकी बाइक एसएलबी धर्मकांटा, आरोन के सामने पहुंची, तभी धर्मकांटा की तरफ से आ रही मेटाडोर ने तेज और लापरवाही से टक्कर मार दी। हादसे में बाबूलाल के सिर, हाथ, छाती और पैर में गंभीर चोटें आईं, जबकि दल्ला बंजारा को सिर और कान सहित शरीर में कई जगह चोटें लगीं। राहगीर गोपाल बंजारा दोनों को अस्पताल ले गया, जहां आरोन में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें गुना जिला अस्पताल रेफर किया गया। दल्ला की हालत गंभीर होने पर उसे एलबीएस अस्पताल भोपाल भर्ती किया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

खाद वितरण में कुव्यवस्था से भड़के अन्नदाता, मंडी कार्यालय में प्रदर्शन

बाघेरी घटना से भी नहीं लिया सबक, कलेक्टर की मध्यस्थता के बाद शुरू हुआ टोकन वितरण

नवभारत न्यूज

गुना 1 दिस.का। जिले में खाद वितरण व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है, जिसका खामियाजा किसानों को लगातार उठाना पड़ रहा है। बाघेरी वितरण केंद्र पर लाइन में लगी एक महिला की मौत की दुखद घटना के बावजूद, जिम्मेदार अधिकारियों ने वितरण प्रणाली में सुधार नहीं किया। इसी अव्यवस्था के चलते सोमवार सुबह नाराज किसानों ने नानाखेड़ी मंडी कार्यालय में घुसकर जमकर हंगामा किया।

मिली जानकारी के अनुसार, नानाखेड़ी मंडी परिसर स्थित डबल लॉक खाद वितरण केंद्र पर सोमवार सुबह तडके से ही सैंकड़ों किसान खाद लेने के लिए लंबी कतारों में खड़े थे। किसानों को अचानक सूचित किया गया कि टोकन वितरण अब वितरण केंद्र के बजाय सीधे मंडी कार्यालय से किया जाएगा। टोकन पाने की उम्मीद में सभी किसान दौडकर मंडी कार्यालय पहुँचे, लेकिन वहाँ टोकन वितरण की कोई सुनियोजित व्यवस्था दिखाई नहीं दी। इस लापरवाही और कुव्यवस्था को देखकर किसानों का गुस्सा भडक उठा। उन्होंने सरकार और प्रशासन के खिलाफ नारेबाज़ी करते हुए सीधे मंडी कार्यालय के अंदर प्रवेश कर लिया और हंगामा शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुँची और किसानों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन उनका गुस्सा शांत नहीं हुआ। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल को स्वयं अपने दलबल के साथ मंडी कार्यालय पहुँचना पड़ा। कलेक्टर ने कार्यालय के बाहर किसानों से मुलाकात की और उनसे सीधे संवाद किया। उन्होंने किसानों की परेशानियों को सुना और उन्हें आश्वस्त किया कि जिले में खाद की कोई कमी नहीं है। उन्होंने किसानों से धैर्य बनाए रखने और प्रशासन की नई व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की।

तत्काल स्थिति को नियंत्रित करने के लिए, कलेक्टर कन्याल ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिया कि टोकन वितरण का कार्य पूर्ववत डबल लॉक केंद्र से ही किया जाए, जैसा कि पहले होता आया था। कलेक्टर के आश्वासन और केंद्र पर तुरंत लाइन लगवाकर टोकन देने का कार्य शुरू होने के बाद ही किसान शांत हुए। उल्लेखनीय है कि बाघेरी की दुखद घटना के बाद, प्रशासन ने भले ही वितरण केंद्रों की संख्या 15 से बढ़ाकर 33 कर दी हो, लेकिन वितरण की जमीनी व्यवस्था अब भी विसंगतिपूर्ण है। किसान आज भी लंबी कतारों में घंटों खड़े रहने और अव्यवस्था का शिकार होने को मजबूर हैं, जिससे इस तरह के विरोध प्रदर्शन बार-बार सामने आ रहे हैं।

इस मामले ने एक बार फिर जिला प्रशासन और सरकार को नागरिकों के निशाने पर ला दिया है।

आरोन नवीन कृषि उपज मंडी में यूरिया खाद का सुचारू वितरण

गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार आज तहसील आरोन क्षेत्र अंतर्गत नवीन कृषि उपज मंडी में यूरिया खाद का वितरण किया गया। वितरण स्थल पर सुबह से ही किसानों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थीं। हालांकि, प्रशासन की सक्रियता के कारण पूरी प्रक्रिया व्यवस्थित और सुचारु रही। अनुविभागीय अधिकारी आरोन ने स्वयं मौके पर उपस्थित रहकर वितरण व्यवस्था का जायजा लिया। उनके साथ राजस्व अधिकारियों और कृषि विभाग के अधिकारियों ने मिलकर किसानों को टोकन के अनुसार खाद उपलब्ध करवाया।

खाद प्राप्त करने वाले कई किसानों ने प्रशासन की इस पहल पर संतोष व्यक्त किया। एक स्थानीय किसान, दीपक रघुवंशी निवासी पिपरियाजागीर ने बताया, पिछले कुछ दिनों से खाद की कमी महसूस हो रही थी, लेकिन आज जिस तरह से अधिकारी खुद खड़े होकर वितरण करवा रहे हैं, उससे हमें सही समय पर यूरिया मिल गया है। इससे हमारी गेहूं और चने की फसल को बहुत फायदा होगा।

सरकारी स्कूल बंद करने की नीति के खिलाफ छात्रों का बड़ा आंदोलन

गुना। प्रदेश में सरकारी स्कूलों को बंद करने की घोषित नीति के विरोध में राजधानी भोपाल के नीलम पार्क में स्कूल बचाओ संघर्ष समिति मध्य प्रदेश द्वारा विशाल प्रदर्शन किया गया। प्रदेश के 35 जिलों से पहुंचे हजारों छात्र, अभिभावक और शिक्षकों ने 1 लाख से अधिक हस्ताक्षरों के साथ सरकार के फैसले का विरोध दर्ज कराते हुए सार्वजनिक शिक्षा बचाने का संकल्प लिया। महात्मा ज्योतिबा फुले के आदर्शों को याद करते हुए आंदोलनकारियों ने कहा कि शिक्षा सबका अधिकार है और किसी भी स्थिति में सरकारी स्कूल बंद नहीं होने दिए जाएंगे। मुख्य वक्ता मुदित भटनागर ने बताया कि आंदोलन की तैयारी में प्रदेश भर के छात्रों ने गांव-गांव जाकर स्कूल बंदी के खिलाफ हस्ताक्षर जुटाए। छतरपुर, टीकमगढ़, गुना, राजगढ़, सीहोर, भोपाल, विदिशा, दतिया, अशोकनगर, भिंड सहित 35 जिलों में विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों ने अभियान को जबरदस्त समर्थन दिया। कई स्थानों पर स्कूल बचाओ रैलियां भी निकाली गईं, जिनमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 2015-16 में 1 लाख 21 हजार से अधिक सरकारी स्कूल थे, जबकि अब तक 29 हजार से ज्यादा स्कूल बंद हो चुके हैं। इसके चलते 10 वर्षों में करीब 50 लाख बच्चे स्कूल छोडने को मजबूर हुए हैं। उन्होंने स्थाई शिक्षक भर्ती, जर्जर स्कूल भवनों के जीर्णोद्धार और छात्रों की सुरक्षा की मांग उठाई। अंत में संयोजक अजीत सिंह पंवार ने सभी जिलों में संघर्ष समितियाँ बनाने और स्कूल बचाओ-भविष्य बचाओ के नारे के साथ हर गांव और शहर में आंदोलन को आगे बढ़ाने की अपील की।

सीएम के सुपुत्र के रिसेप्शन में नपाध्यक्ष ने दीं शुभकामनाएं

नवभारत न्यूज

गुना। नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के पुत्र डॉ. अभिमन्यु यादव के विवाह के उपरांत आयोजित पारिवारिक स्वागत समारोह (रिसेप्शन) में शामिल होकर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गत रात यह भव्य रिसेप्शन उज्जैन के होटल अथर्व में आयोजित किया गया था। नपाध्यक्ष श्रीमती गुप्ता अपने संपूर्ण परिवार के साथ इस समारोह में उपस्थित रहीं। नपाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से सौजन्य भेंट कर उन्हें उनके पुत्र के विवाह की बधाई दी। उन्होंने मुख्यमंत्री का आशीर्वाद प्राप्त किया और वर-वधू डॉ. अभिमन्यु यादव और उनकी जीवनसंगिनी को नवीन दांपत्य जीवन की मंगलकामनाएं एवं शुभकामनाएं दीं। यह भेंट मुख्यमंत्री के निजी पारिवारिक कार्यक्रम के अवसर पर हुई।

उधार पैसे के विवाद में युवक पर कुल्हाड़ी, पत्थर और डंडों से हमला, मामला दर्ज

गुना। जिले के मृगवास थाना क्षेत्र में उधार पैसे को लेकर विवाद के दौरान एक युवक पर तीन आरोपियों द्वारा कुल्हाड़ी, पत्थर और डंडों से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। फरियादी लोकेन्द्र सिंह राजपूत निवासी बांसाहेड़ाकला ने पुलिस को बताया कि सुबह करीब 9 बजे वे अपने ड्राइवर के साथ अकलेरा (राजस्थान) जा रहे थे। इसी दौरान नदी के पास उन्हें रामदयाल जाटव मिला, जिसने पैसों की मांग की। लोकेन्द्र ने पैसे न होने की बात कही, जिस पर आरोपी की बहन प्रेमबाई जाटव और भैरूलाल जाटव भी वहाँ आ गए और गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर प्रेमबाई ने पत्थर से हमला किया, जिससे उनके होंठ पर गहरी चोट आई। इसके बाद रामदयाल ने कुल्हाड़ी से वार किया, जो लोकेन्द्र के दाहिने हाथ की उंगली पर लगा। भैरूलाल ने डंडे से मारपीट की, जिससे उनके पैर और पीठ में चोटें आईं। जाते समय तीनों आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी।

अवैध बेसमेंट निर्माण से पड़ोसी का घर हुआ हाई रिस्क पर

गुना। शहर की फुलवारी कॉलोनी, वार्ड 20 में एक पड़ोसी द्वारा कथित तौर पर बिना अनुमति बेसमेंट का निर्माण किए जाने से एक परिवार का घर ढहने की कगार पर पहुँच गया है। आवेदिका ने इस संबंध में नगर पालिका परिषद, गुना में शिकायत दर्ज कराते हुए तत्काल दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है। आवेदिका रचना साहू पत्नी अंकित साहू ने सीएमओ को दिए गए आवेदन में कहा है कि उनके घर के बगल में स्थित प्लॉट पर सुरेश लोधा नगर पालिका की अनुमति के बिना बेसमेंट का निर्माण कार्य करवा रहे हैं। रचना साहू का आरोप है कि इस अवैध निर्माण की वजह से उनके घर की नींव हिल गई है और पूरे मकान में बड़ी दरारें आ गई हैं। उनका घर अब एक तरफ झुक गया है और हाई रिस्क श्रेणी में आ गया है, जिससे कभी भी ढहकर बड़ी जनहानि हो सकती है। आवेदिका ने नगरपालिका अधिकारी से मौके का मुआयना करने का निवेदन किया है। उन्होंने माँग की है कि सुरेश लोधा के विरुद्ध दंडात्मक प्रकरण दर्ज किया जाए।

आरोन में टीबी स्क्रीनिंग अभियान की बड़ी उपलब्धि, 28224 लोगों की जांच पूरी

गुना। आरोन सिविल अस्पताल द्वारा क्षय रोग (टीबी) नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान ने इस वर्ष उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. के. एन. भीलवारे के निर्देशन में अब तक 28224 नागरिकों की टीबी स्क्रीनिंग की जा चुकी है, जिससे क्षेत्र में गंभीर बीमारियों की समय पर पहचान संभव हो सकी है। स्क्रीनिंग के दौरान चिन्हित योग्य मरीजों को सहायता प्रदान करने के लिए अस्पताल की ओर से अब तक 68 टीबी मरीजों को पोषण हेतु फूड बॉस्केट वितरित की गई हैं। इससे मरीजों को उपचार अवधि में पोषण सुधारने में बड़ी सहायता मिल रही है। इसके अलावा समुदाय में टीबी मरीजों का मनोबल बढ़ाने और उन्हें नियमित उपचार के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से 121 'निक्षय मित्र' बनाए गए हैं।

खाद वितरण व्यवस्था को लेकर दिये निर्देश

गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा किसानों के हितों को प्राथमिकता देते हुए खाद वितरण व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाने के निर्देश सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को दिए गए हैं। इसके तहत जिले के सभी खाद वितरण केंद्रों पर आश्यकतानुसार पानी, टेंट तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का निरंतर प्रबंधन सुनिश्चित किया जा रहा है, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि रात्रि के समय कोई भी कृषक खाद वितरण केन्द्र पर न रूके। साथ ही, किसानों की मांग और सुविधा को ध्यान में रखते हुए शनिवार को अवकाश दिवस पर भी खाद वितरण किया जा रहा है। कलेक्टर श्री कन्याल द्वारा खाद वितरण व्यवस्थाएं देखी।

सड़क हादसे में गई जान, फिर एंबुलेंस ड्राइवर ने शिवपुरी में छोड़ा शव, असंवेदनशीलता की पराकाष्ठा

नवभारत न्यूज

गुना। जिले के रूठियाई बायपास पर हुए एक भीषण सडक हादसे में 26 वर्षीय युवा श्रमिक की जान जाने के बाद, उससे भी अधिक दुखद और अमानवीय घटनाक्रम सामने आया है। ग्वालियर रेफर किए गए घायल की रास्ते में मौत होने के बाद, एंबुलेंस ड्राइवर उसके शव को शिवपुरी अस्पताल में अकेला छोडकर भाग निकला, जिससे मृतक के गरीब भाई को अकेले संघर्ष करना पड़ा। चिंताहरण मंदिर के पास रहने वाला नरेश पुत्र मिश्रीलाल सहरिया रूठियाई में एक ईंट भट्ठे पर काम करता था। रविवार शाम को वह मोटरसाइकिल से घर लौट रहा था, तभी रूठियाई बायपास पर एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। डायल 100 टीम ने गंभीर रूप से घायल नरेश को तुरंत जिला अस्पताल पहुँचाया।

चोटें गंभीर होने के कारण, चिकित्सकों ने नरेश को उच्च उपचार के लिए ग्वालियर रेफर कर दिया और गरीब परिवार की स्थिति देखते हुए उन्हें सरकारी एंबुलेंस भी उपलब्ध कराई गई। दोपहर करीब 2 बजे नरेश को लेकर एंबुलेंस ग्वालियर के लिए रवाना हुई, लेकिन शिवपुरी पहुँचने से पहले ही नरेश ने दम तोड़ दिया।

अमानवीयता की हद

मृतक के साथ मौजूद उनके इकलौते भाई के अनुसार, एंबुलेंस ड्राइवर शिवपुरी अस्पताल पहुँचा और मानवता को ताक पर रखकर नरेश का शव वहीं छोडकर फरार हो गया। हैरान-परेशान भाई ने शिवपुरी अस्पताल प्रशासन से गुहार लगाई कि वे शव को गुना पहुँचाने में मदद करें, लेकिन उसकी आर्थिक तंगी का हवाला देने के बावजूद, कोई सहायता नहीं मिली। मजबूर होकर, अकेले भाई ने अपने एक रिश्तेदार से ऑनलाइन 3,000 की व्यवस्था की और एक निजी एंबुलेंस किराए पर लेकर भाई के पार्थिव शरीर को पिछली रात गुना जिला अस्पताल पहुँचाया।

जिला अस्पताल में हुआ पीएम

सोमवार सुबह जिला अस्पताल में मृतक नरेश के शव का पोस्टमार्टम कराया गया और कानूनी प्रक्रिया के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। इस घटना ने स्वास्थ्य सेवाओं में व्याप्त घोर लापरवाही और संवेदनहीनता को उजागर किया है। एक तरफ जहाँ पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मर्ग कायम कर जाँच शुरू कर दी है, वहीं दूसरी तरफ एंबुलेंस ड्राइवर के इस अमानवीय कृत्य ने व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

विश्व एड्स दिवस पर हुआ आयोजन, कस्तूरबा महाविद्यालय में लाल रिबन श्रृंखला बनाकर एड्स जागरुकता का संदेश

गुना। विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में शासकीय कस्तूरबा कन्या महाविद्यालय परिसर में सोमवार को एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य समाज में एचआईवी/एड्स के बारे में जागरूकता बढ़ाना और इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना था। कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं ने एक अनूठी प्रस्तुति दी, जिसमें उन्होंने मिलकर एड्स जागरूकता के अंतरराष्ट्रीय प्रतीक लाल रिबनकी एक विशाल श्रृंखला बनाई। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. विनीता जैन ने अपने प्रेरणादायी व्याख्यान में छात्राओं को एचआईवी, एड्स के कारण, रोकथाम के तरीकों, सुरक्षित व्यवहार और जागरूकता की महत्ता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। रेड रिबन प्रभारी डॉ. पूनम पारीक ने बताया कि जागरूकता और सही जानकारी ही एड्स से लडने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियाँ विद्यार्थियों में सामाजिक दायित्व और स्वास्थ्य विषयों के प्रति संवेदनशीलता विकसित करती हैं। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना, रेड रिबन क्लब और स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। इस दौरान मुस्कान प्रजापति, साक्षी खटीक, नेहा कुशवाह, रोशनी पटेलिया, और तुलसी वंशकार ने सुंदर रंगोली बनाकर जागरूकता संदेश दिया। कार्यक्रम में भाग लेने वाली अन्य छात्राओं में मनौती शर्मा, कल्पना सेन, सिद्धि राजपूत, सविता लोढ़ा, वंदना बैरवा, तृप्ति शर्मा, नेहा कुशवाहा, महक साहू, तुलसी वंशकार, परी साहू, पूनम कुशवाहा, योगिता रावत, सुमन अहिरवार, नंदनी साहू, दीपा मेहर, खुशी रजक, निकिता, निशा अहिरवार, हेमलता कुशवाहा, वंदना बैरवा शामिल रही।

सफलता गुरु प्रो. विजयवर्गीय के मार्गदर्शन ने तराशा हीरा, शहर ने किया भावपूर्ण सम्मान

गुना की बेटी सपना को आईएएस अवार्ड, नागरिक अभिनंदन में झलका गौरव

नवभारत न्यूज

गुना। शहर की गौरवशाली बेटी और 2007 बैच की डिप्टी कलेक्टर श्रीमती सपना अनुराग जैन को हाल ही में भारत सरकार द्वारा आईएएस अवार्ड प्रदान किए जाने पर, गुना शहर ने उनका भव्य नागरिक अभिनंदन किया। श्री ऋषभायतन नसियाजी पर आयोजित इस सम्मान समारोह में जैन समाज सहित विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और सेवा भावी संगठनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

वर्तमान में एडिशनल डायरेक्टर, नर्मदा घाटी, इंदौर के पद पर पदस्थ सपना जैन और उनके पति अनुराग जैन (ज्वाइंट कमिश्नर, एसजीएसटी, इंदौर) इस आयोजन में उपस्थित रहे। इस समारोह ने सपना की सफलता की कहानी को न केवल रेखांकित किया, बल्कि उनके पीछे रहे अनमोल गुरुजनों और परिजनों के त्याग को भी उजागर किया।

समारोह में सपना और उनकी छोटी बहन, प्रशासनिक अधिकारी सोनाली जैन के जीवन पर एक मार्मिक डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शित की गई। इसमें बताया गया कि अविभाजित गुना के ग्राम कचनार (अशोकनगर) से प्रारंभिक शिक्षा पूर्ण करने के बाद स्व. अनिल कुमार जैन का परिवार गुना आया। गुना में दोनों बहनों की पढ़ाई औसत रही। जब उन्होंने पीएससी की तैयारी का मन बनाया, तब पीजी कॉलेज के प्राध्यापक व्हीके श्रीवास्तव ने उन्हें एक सही दिशा दी और उन्हें प्रख्यात मार्गदर्शक प्रो. आरके विजयवर्गीय के पास मार्गदर्शन लेने के लिए पहुँचाया। डॉक्यूमेंट्री में इस बात को विशेष रूप से रेखांकित किया गया कि प्रो. विजयवर्गीय ने एक जौहरी की तरह दोनों बहनों के भीतर छिपी प्रतिभा को पहचाना और उन्हें निखारना शुरू किया। प्रो. विजयवर्गीय का मार्गदर्शन ही वह निर्णायक मोड़ साबित हुआ, जिसने उनकी सफलता की नींव रखी। वर्ष 2007 में इन दोनों बहनों का एक साथ मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में प्रशासनिक अधिकारियों के लिए चयन हुआ।

भाई तरुण जैन का निस्वार्थ समर्पण:

सपना जैन की सफलता की कहानी में उनके भाई तरुण जैन के निस्वार्थ समर्पण को भी विशेष रूप से सराहा गया। डॉक्यूमेंट्री के अनुसार, उनके पिता स्व. अनिल जैन एवं माता के साथ तरुण जैन ने दोनों बहनों को प्रशासनिक सेवा की तैयारी के दौरान हर कदम पर भावनात्मक और व्यावहारिक सहयोग दिया। वे दोनों बहनों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे और उनकी सफलता के मार्ग की सभी बाधाओं को दूर करने में एक मजबूत स्तंभ बने।

समाज ने सपना का किया सम्मान

इस अवसर पर सपना जैन और उनके परिजनों तथा ससुरालजनों ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में सपना जैन के शिक्षक प्रो. आरके विजयवर्गीय एवं उनकी पत्नी पूर्व प्राचार्य डॉ. विनीता विजयवर्गीय के साथ गुरुजनों के अलावा विभिन्न अधिकारी और बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक संस्थाओं ने उन्हें सम्मानित कर गुना के प्रति उनके गौरव को स्वीकारा। यह समारोह न केवल सपना जैन का सम्मान था, बल्कि गुना के शैक्षणिक और सामाजिक परिवेश की सफलता का भी प्रमाण था।

आम सूचना

हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण (1) श्री प्रदीप शर्मा पुत्र श्री रामस्वरूप शर्मा निवासी मकान नंबर 35,36 बलवन्त नगर गुना (म0प्र0) (2) सिद्धार्थ अग्रवाल पुत्र श्री विशेन दयाल अग्रवाल निवासी बस स्टैण्ड के पास लाहोटी मार्ग गुना (म0प्र0) ने पंजाबी समाज गुना द्वारा (1) वर्तमान अध्यक्ष श्रवण ऐवट पुत्र श्री कृप्लाल ऐवट निवासी ऐवट सदर गुरूद्वारे के पीछे लक्ष्मीगंज गुना (2) वर्तमान सचिव अरविन्दर सूद पुत्र श्री कृपाल सिंह सूद निवासी मॉडल टाउन कालोनी गुना सहमतिकर्तागण (3) पूर्व अध्यक्ष सतपाल सडाना पुत्र श्री दयाल सिंह सडाना निवासी गल्ला मण्डी गुना (म.प्र.) (4) पूर्व सचिव हरवीर सिंह सूद पुत्र श्री कुलवंत सिंह सूद निवासी गल्ला मण्डी गुना (म.प्र.) से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक 40,41,42 एवं 43 जो प.ह.न. 04 सर्वे नं. 1010/2/141/1 में स्थित ग्राम गुना बलवन्त-नगर गुना में स्थित है जिसका कुल रकबा 5000 वर्गफीट का विक्रय अनुबंध-पत्र अलग-अलग स्वयं के नाम से दिनांक 18/12/2024 को मेरे पक्षकारगण संपादित करवा चुके हैं। उक्त भूखण्ड का कुल रकबा 5000 वर्गफीट में से मेरे पक्षकार कमांक 01 श्री प्रदीप शर्मा द्वारा रकबा 1500 वर्गफीट क्रय किया जा रहा है जिसकी चतुर सीमा निम्न अनुसार है- पूर्व में - प्रस्तावित रास्ता, पश्चिम में- भवन अन्य का, उत्तर में - एन. एफ. एल. वाले साहू जी का मकान, दक्षिण में - स्वयं विकेता की भूमि है। एवं मेरे पक्षकार कमांक 02 सिद्धार्थ अग्रवाल द्वारा 3500 वर्गफीट क्रय किया जा रहा है जिसकी चतुर सीमा निम्न अनुसार है- पूर्व में - प्रस्तावित रास्ता, पश्चिम में-भवन अन्य का, उत्तर में- शेष भूमि अनुबंधकर्गण की, दक्षिण में - बैंक वाले साहू जी का मकान है।

अतः हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति से सम्बंधित यदि कोई व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक, अर्द्धशासकीय, शासकीय, प्रायवेट फायनेंस कम्पनी, निगम किसी भी प्रकार स्वत्व, स्वामित्व संबंधी, हक, अधिकार, उत्तराधिकार, ऋण, भार अथवा जभानत या सुखाधिकार संबंधी दायित्व रखता हो तो वह मेरे कार्यालय में 07 दिवस के अंदर सम्पर्क कर अपनी आपत्ति मय दत्तावेज पेश करे। समयावधि व्यतीत होने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। मेरे पक्षकारगण द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र स्वयं के हित में करा लिया जावेगा, तदानुसार सूचित हो।

राहुल जैन एडवोकेट
सदर बाजार गुना (म0प्र0)
मोबा.नं. 7089851111